GLOBETECH CREATIONS PVT. LTD.

CIN:U70109UP2018PTC110502
AN ISO CERTIFIED

Ref: GCPL/SBZ/PRATAPGARGH-2/1860 Date: 07 JAN 2025

सेवा में,

ई–मेल द्वारा प्रेषित

अधिशासी अभियन्ता,
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय–कुण्डा, प्रतापगढ़,
जनपद–प्रतापगढ़।
E-mail- xen.2pratapgarh@puvvnl.in

विषय– अनुबन्ध सं0–203/MD/PuVVNL/GEM/2022/B/2448535/EDC-PRATAPGARH/Globetech दिनांक 01–02–23 के सापेक्ष प्रस्तुत बीजक एवं बीजकों से रोकी गयी धनराशि के भुगतान के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि वि0वि0खं0 प्रथम प्रतापगढ़ के क्षेत्राधीन समस्त 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर अनुरक्षण एवं परिचालन कार्य हेतु अनुबन्ध सं0–203/MD/PuVVNL/GEM/2022/B/2448535/EDC-PRATAPGARH/Globetech दिनांक 01–02–23 जो दिनांक 30–09–24 तक प्रचलित थी, के सापेक्ष वि0वि0खं0 को प्रस्तुत माह सितम्बर–24 की चलित बीजक धनराशि रू0 5601590/– (रू0 छप्पन लाख एक हजार पाँच सौ नब्बे मात्र), माह अगस्त–24 के बीजक से रू0 1691999/– (रू0 सोलह लाख इक्यानबे हजार नौ सौ निन्नानबे मात्र) कुल धनराशि रू0 7293589/– (रू0 बहत्तर लाख तिरानबे हजार पाँच सौ नवासी मात्र) का भुगतान अकुशल कर्मियों के दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण उनके उत्तराधिकारियों को क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु रोकी गयी है जो अनुबन्धानुसार उचित नहीं है। उक्त भुगतान हेतु कई बार व्यक्तिगत सम्पर्क, दूरभाषिक वार्ता एवं पत्रांक सं0– GCPL/SBZ/EE-PRATAPGARH-2/1682 दिनांक 14–10–24, पत्रांक सं0–GCPL/SBZ/EE-PRATAPGARH-2/1688 दिनांक 16–10–24 एवं पत्रांक सं0–GCPL/SBZ/EE-PRATAPGARH-2/1723 दिनांक 05–11–24 द्वारा निवेदन किया, परन्तु अब तक उक्त धनराशि का भुगतान नहीं किया गया। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जानबूझ कर परेशान व प्रताड़ित करने के लिए भुगतान बाधित किया जा रहा है।

महोदय से विनम्र निवेदन है कि उक्त बकाया धनराशि रू0 7293589/– (रू0 बहत्तर लाख तिरानबे हजार पाँच सौ नवासी मात्र) का भुगतान कराने की कृपा करें। अन्यथा की स्थिति में न्यायालय की शरण में जाना हमारी बाध्यता होगी।

भवदीय

(दुर्गेश शाही)
अधिकृत हस्ताक्षरी

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ई–मेल द्वारा प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी।
2. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी।
3. मुख्य अभियन्ता (वि0), द्वितीय प्रयागराज क्षेत्र, प्रयागराज।
4. अधीक्षण अभियन्ता (प्रशा0), पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी।
5. अधीक्षण अभियन्ता, वि0वि0मं0 प्रतापगढ़।
6. कार्मिक अधिकारी, पू0वि0वि0नि0लि0, वाराणसी।

भवदीय

(दुर्गेश शाही)
अधिकृत हस्ताक्षरी

Work Discipline Only Key Of Success !